वर्ष- 02 अंक- 305

छपरा
22 सितंबर सोमवार
2025

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## तेलंगाना सीएम ने वास्तु दोष के कारण सचिवालय छोड़ा



**हैदराबाद,एजेंसी।** इन दिनों तेलंगाना के सबसे युवा मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी (55 साल) राज्य सचिवालय की नई बिल्डिंग में नहीं बैठ रहे हैं। सीएम अपने सभी काम बंजारा हिल्स स्थित हाई सिक्योरिटी वाले तेलंगाना पुलिस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कर रहे हैं।

इसकी वजह सचिवालय की नई बिल्डिंग में मौजूद कुछ वास्तु दोष हैं। रेवंत से जुड़े एक वरिष्ठ अफसर ने बताया कि 650 करोड़ रुपए में बनी इस 7 मंजिला इमारत में सीएम का भव्य दफ्तर है। मंत्रियों, मुख्य सचिवों समेत शीर्ष नौकरशाहों के भी दफ्तर यहीं हैं।

नई इमारत तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (BRS) के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के समय तैयार हुई। उन्होंने 30 अप्रैल 2023 को इसका उद्घाटन किया। लेकिन, दिसंबर में वे विधानसभा चुनाव हार गए और रेवंत सीएम बन गए।

केसीआर ने भी वास्तु एक चलते ही नए सेक्रेट्रिएट का निर्माण कराया था। उनका मानना था कि पुराने सेक्रेट्रिएट की बिल्डिंग वास्तु के अनुसार नहीं बनी थीं। बतौर सीएम अपने दो कार्यकाल में वे करीब 24 बार ही पुराने सेक्रेट्रिएट आए थे।

## जोजरी नदी में प्रदूषण के मामले पर कल को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट 23 सितंबर को राजस्थान की जोजरी नदी में प्रदूषण से जुड़े मामले की सुनवाई करेगा। शीर्ष कोर्ट ने 16 सितंबर को इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था और कहा था कि नदी में औद्योगिक कचरे के बहाव से सैकड़ों गांवों की आबादी प्रभावित हो रही है।

शीर्ष कोर्ट की वेबसाइट पर 23 सितंबर की सूची में इस मामले का शीर्षक 20 लाख जिंदगियों को खतरा, राजस्थान की जोजरी नदी में प्रदूषण है। इसकी सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच करेगी।

बेंच ने कहा था कि जोजरी नदी में कपड़ा और टाइल फैक्ट्रियों से भारी मात्रा में औद्योगिक करचा बहाया जा रहा है। इससे इंसानों और जानवरों दोनों के लिए पीने का



प्रधानमंत्री ने 20 मिनट देश को संबोधित किया

# मोदी बोले- आज से जीएसटी बचत उत्सव

## केवल वही खरीदें जिसमें देश का पसीना हो

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा- 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही त्रस्ञ बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील की कि वही सामान खरीदें जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो।




पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्यूफैक्चरिंग को गति दें।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। आज के सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पंसद की चीजें खरीद पाएंगे।

वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी।

## शुभो महालया..., दुर्गा पूजा से पहले पीएम मोदी ने शेयर किया पोस्ट ; सीएम ममता ने भी दी बधाई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को महालया की शुभकामनाएं दी हैं। महालया का पर्व दुर्गा पूजा से ठीक एक दिन पहले मनाया जाता है, जिसे लेकर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आप सभी को शुभ महालया की हार्दिक शुभकामनाएं! दुर्गा पूजा का पवित्र दिन नजदीक आ गया है, इस खास मौके पर हमारा जीवन प्रकाश और उद्देश्य से भर जाए एंव मां दुर्गा के आशीर्वाद से आप सभी को अटूट शक्ति, खुशी और बेहतर स्वास्थ्य का वरदान मिले।

## यूपी के लखीमपुर में नदी के कटान में घर बहा

### राजस्थान में लौटते मानसून से चित्तौड़गढ़ में सबसे ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ ,एजेंसी।** देश के 4 राज्यों राजस्थान, पंजाब, गुजरात और हरियाणा से वापसी के बीच मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। मध्य प्रदेश में शनिवार को 25 जिलों में बारिश हुई। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी, बलिया, गोंडा समेत 8 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। लखीमपुर-खीरी में 24 घंटे में 8 मकान नदी में समा गए हैं। राजस्थान में भी शनिवार को जाते हुए मानसून के बीच तेज बारिश हुई।

हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून जमकर बरसा है। हालांकि, अब इसकी विदाई का दौर शुरू हो गया है। 20 जून से 20 सितंबर तक बारिश और उससे जुड़ी घटनाओं में 427 लोगों की मौत हो चुकी है।

### महाराष्ट्र के गरबा में लोगों पर गौमूत्र छिड़कने का फरमान

# विहिप बोला- आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगी

**नागपुर,एजेंसी।** महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी। आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है।

**विहिप ने कहा-** गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी।



विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा- नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा।विहिप बोला- गरबा देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने समाचार एजेंसी क्ख्रढ्ढ से कहा- गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिए हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं।

महाराष्ट्र के मंत्री बोले- आयोजकों को फैसला करने का अधिकार महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा।

## सीएम ममता ने बंगाली प्रवासी मजदूरों के उत्पीड़न पर जताई चिंता, बोलीं- एकता में ही भारत की ताकत

**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि देश की ताकत उसकी विविधता और आपसी सम्मान में है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों के साथ उत्पीड़न की घटनाएं सामने आई हैं, जिस पर उन्होंने गंभीर चिंता जताई। ममता ने कहा कि हर भाषा और संस्कृति का सम्मान होना चाहिए, क्योंकि भारत की आत्मा एकता में ही बसती है।

लेक टाउन में भूमि दुर्गा पूजा के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ममता ने कहा कि बंगाल में हर



समुदाय मिलकर त्योहार मनाता है। दुर्गा पूजा बंगाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कोई अपनी मां को मां कहे, कोई अम्मा कहे, लेकिन भावनाओं में कोई फर्क नहीं होता।

### प्रवासी मजदूरों को परेशान करना अस्वीकार्य - सीएम ममता

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के 22 लाख लोग राज्य से बाहर काम करते हैं और 1.5 करोड़ प्रवासी यहां रहकर काम करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बंगाली प्रवासी मजदूरों को परेशान करना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि अगर हम एकजुट नहीं रहे, तो देश बंट जाएगा। ममता ने कहा कि बंगाल भारत का हिस्सा है और इसकी संस्कृति, गानों और रचनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

## सरकार की पहल जॉब डैशबोर्ड, ये बताएगा कहां कितनी नौकरी

### एक क्लिक बताएगा किस क्षेत्र में जॉब कैसा, कौन से कोर्स की डिमांड; जॉब-रेडी टैलेंट बनाएगा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्र सरकार एक ऐसा स्मार्ट डैशबोर्ड बना रही है, जिस पर यह दिखेगा कि भविष्य में किस सेक्टर में कितनी नौकरी होगी और कैसी स्किल्स की जरूरत होगी। यह डैशबोर्ड ब्रिटेन के 'जॉब एंड स्किल डैशबोर्ड' और अमेरिका के वॉशिंगटन स्टेट के 'लेबर मार्केट एंड क्रिडेंशियल डेटा डैशबोर्ड' की तर्ज पर बनेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में टेलीकॉम और आईटी विभाग से इस पर शुरुआती परामर्श किया। इसमें विभागों ने बताया- आगे 5जी, 6जी, क्वांटम कम्युनिकेशन, सैटेलाइट, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग और सेमीकंडक्टर जैसे सेक्टर में किस लेवल के कितने प्रोफेशनल चाहिए होंगे। नए डैशबोर्ड से छात्रों व अभिभावकों को सही कोर्स चुनने में मदद मिलेगी। पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे के अवसरों की जानकारी मिलेगी। संस्थानों को पता चलेगा कि सिलेबस में क्या बदलाव जरूरी है, कौन से नए कोर्स शुरू करने हैं और कौन से कोर्स बंद करने हैं। डैशबोर्ड जॉब-रेडी टैलेंट तैयार करने में गेमचेंजर साबित होगा।



## संयुक्त राष्ट्र शांति दिवस पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले - शांति आत्मा से आती है

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर कहा कि भारत की विविधता और संवाद की परंपरा आज की अशांत दुनिया के लिए उम्मीद की किरण है। यह दिवस हर साल संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाता है। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि महात्मा गांधी की अहिंसा की सीख नफरत और हिंसा को कम करने में मददगार साबित हो सकती है। उन्होंने लोगों से युद्ध और असमानता के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष ने इस अवसर पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी याद किया। उन्होंने नेहरू का कथन याद करते हुए कहा कि शांति मन की वह स्थिति है जो आत्मा से आती है। खरगे ने कहा कि यह विचार इस साल के शांति दिवस के थीम शांतिपूर्ण विश्व के लिए कदम उठाओ से मेल खाता है, जो सबको एक करने का संदेश देता है।





## ग्रेट निकोबार परियोजना : सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, कांग्रेस ने किया पलटवार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना को लेकर रविवार को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव पर पलटवार किया। रमेश ने कहा कि देश को एक संभावित पर्यावरणीय और मानवीय संकट के प्रति आगाह करना कोई नकारात्मक राजनीति नहीं है, बल्कि गहरी चिंता को जताने का एक स्पष्ट तरीका है। दरअसल, इस परियोजना का विरोध करने को लेकर यादव ने कांग्रेस की आलोचना की थी।

रमेश ने कहा कि पर्यावरण मंत्री इस परियोजना को लेकर कई बार पूछे गए बुनियादी सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना को लेकर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया है। लेकिन देश का ध्यान एक बड़े पर्यावरणीय और मानवीय संकट की ओर खींचना नकारात्मक राजनीति नहीं है, बल्कि यह गंभीर चिंता का



संकेत है। उन्होंने कहा, मंत्री उन बुनियादी सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं, जो कांग्रेस इस परियोजना को लेकर लगातार पूछ रही है। रमेश ने पूछा कि क्या यह परियोजना राष्ट्रीय वन नीति 1988 का उल्लंघन नहीं कर रही है, जिसमें लाखों पेड़ों को काटा जाएगा। इस नीति में साफ तौर पर कहा गया है कि उष्णकटिबंधीय वर्षा और आर्द्र वन, खासकर अंडमान और निकोबार जैसे क्षेत्रों में, पूरी तरह से सुरक्षित रखे जाने चाहिए।

**घने जंगलों के बीच नए पेड़ लगाना विकल्प नहीं हो सकता** :उन्होंने कहा कि पुराने और घने जंगलों की जगह नए पेड़ लगाना कभी भी उसका सही विकल्प नहीं हो सकता और इस परियोजना में जो वृक्षारोप की योजना बनाई गई है, वह पूरी तरह से दिखावा है। रमेश ने पूछा कि हरियाणा जैसे दूर और बिल्कुल अलग जलवायु के राज्य में पेड़ लगाकर ग्रेट निकोबार जैसे अनोखे वर्षावनों के नुकसान की भरपाई कैसे की जा सकती है? उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार ने पहले ही उस जमीन का 25 हिस्सा पहले ही खनन के लिए दे दिया है, जबकि यह वह वृक्षारोपण के लिए आरक्षित होनी चाहिए थी।

### जनजातीय परिषद की चिंताओं को किया जा रहा अनदेखा

रमेश ने पूछा कि इस परियोजना को मंजूरी देने से पहले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से कोई राय क्यों नहीं ली गई? ग्रेट निकोबार की जनजातीय परिषद की चिंताओं को क्यों अनदेखा किया है? द्वीपों में सभी परियोजनाओं में समुदाय की एकता को प्राथमिकता देने की बात करने वाली नीति को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है? उन्होंने यह भी पूछा कि जमीन अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 के तहत किए गए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन में इस नीति और निकोबार के लोगों की मौजूदगी को क्यों खारिज कर दिया गया है?

### महाजन रेंज में युद्धाभ्यास

## रात के अंधेरे में टैंकों ने उड़ाए दुश्मन के ठिकाने ड्रोन से मिली लोकेशन, कॉम्बैट व्हीकल ने फायर किए

**बीकानेर,एजेंसी।** बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सप्त शक्ति कमान ने अमोघ फ्यूरी एक्सरसाइज की। रात के अंधेरे में दुश्मन के ठिकानों पर गोला-बारूद बरसाए।

रेतीले धोरों में छिपकर दुश्मन पर फायर किए गए और टैंक से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस युद्धाभ्यास में दुश्मन के काल्पनिक ठिकाने बनाए गए, यहां हेलिकॉप्टर से उतरे और बमबारी करते हुए आगे बढ़े।

1 दिन चली इस एक्सरसाइज में सेना ने युद्ध की क्षमता और आपसी समन्वय को दिखाया। 2 से ज्यादा टुकड़ियों ने महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास किया। ये इंटीग्रेटेड फायर पॉवर एक्सरसाइज थी। इस दौरान जवानों ने युद्धक टैंक, इन्फैंट्री कॉम्बैट वाहन, आक्रमणकारी हेलिकॉप्टर, लंबी दूरी की क्षमता वाले आर्टिलरी सिस्टम, ड्रोन सहित मॉडर्न हथियार का उपयोग किया।

**ड्रोन ने बताए ठिकाने** :अमोघ फ्यूरी में सेना ने टारगेट तय किए और उन पर एक के बाद एक हमले किए। टैंक के माध्यम से लंबी दूरी के निशाने साधे गए। सुबह से शाम तक चली इस एक्सरसाइज के दौरान पूरा इलाका धमाकों से दहल उठा। सेना के जवानों ने दुश्मन के ठिकानों की सूचना एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई। इसमें ड्रोन का उपयोग भी किया गया।

इस अभ्यास में दुश्मन के ठिकाने को आइडेंटिफाई कर जवान हेलिकॉप्टर से पहुंचे। दूसरी टुकड़ी ने काल्पनिक ठिकानों पर बमबारी कर दी। दुश्मन समझ ही नहीं पाया और सेना के जवानों के आगे सरेंडर कर दिया।



### कॉम्बैट व्हीकल से फायरिंग

फायर पावर एक्सरसाइज में फायरिंग प्लेटफार्म बनाए गए। यहां बंदूकों, टैंकों और कॉम्बैट व्हीकल से फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। इसमें अलग-अलग टुकड़ियों ने भाग लिया और एक साथ आकर युद्ध करने का कौशल दिखाया। अभ्यास के दौरान कम्युनिकेशन में तैनात जवानों ने भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मिट्टी के धोरों पर वाहनों में कम्युनिकेशन डिवाइस लगाई गई थी। इससे जैसे ही दुश्मन के ठिकाने की लोकेशन मिली, जमीन पर तैनात सैनिकों ने लोकेशन पर अटैक कर दिया। इस अभ्यास में रियल टाइम मैनेजमेंट और टारगेट सिस्टम का उपयोग कर कॉमन ऑपरेटिंग पिक्चर तैयार की गई।

# पितृपक्ष पर डॉ. अनिल कुमार की सेवा भावना, 15 दिनों में 936 मरीजों को निःशुल्क परामर्श

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पितृपक्ष के अवसर पर शहर के प्रख्यात चिकित्सक एवं संजीवनी नर्सिंग होम के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार ने सेवा और संस्कार का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने दिवंगत पिता की स्मृति में उन्होंने लगातार 15 दिनों तक निश्शुल्क ओपीडी सेवा उपलब्ध कराई। इस अवधि में कुल 936 मरीजों को मुफ्त परामर्श मिला और लगभग ?93,600 की फीस माफ की गई। डॉ. कुमार पिछले 18 वर्षों से हर पितृपक्ष पर यह सेवा कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि ÷सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है।÷ वे अपने पिता के जीवन मूल्यों और सेवा भाव को ही इस कार्य के लिए प्रेरणा मानते हैं। आमतौर पर मात्र ?100 की न्यूनतम परामर्श शुल्क पर मरीजों का इलाज करने वाले डॉ. कुमार पितृपक्ष में इसे भी माफ कर देते हैं। उनका दृष्टिकोण चिकित्सा को केवल पेशा नहीं बल्कि समाज और मानवता की सेवा मानता है।

**संजीवनी नर्सिंग होम बनी मानवता की मिसाल–** पितृपक्ष के दौरान संजीवनी नर्सिंग होम में रोजाना सैकड़ों मरीज पहुंचे। निश्शुल्क परामर्श और उपचार मिलने से उन्हें न केवल आर्थिक राहत मिली बल्कि मरीज और डॉक्टर के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत हुआ। संजीवनी नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉ. संजू प्रसाद ने कहा ÷डॉक्टर का कार्य केवल इलाज तक सीमित नहीं होता। अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी, निष्ठा और सांस्कृतिक मूल्यों को निभाना भी उतना ही जरूरी है। पितृपक्ष में डॉ. अनिल की यह पहल पूर्वजों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

**समाज के लिए प्रेरणा–**आज जब चिकित्सा क्षेत्र में व्यावसायिकता का दबाव हावी है, ऐसे में डॉ. अनिल कुमार जैसे चिकित्सक उम्मीद की किरण हैं। उनका मानना है ÷समाज में बदलाव लाने के लिए बड़े साधनों की नहीं, बड़ी सोच और सेवा भाव की ज़रूरत है।÷ उनकी इस पहल से स्पष्ट होता है कि मरीजों की मुस्कान ही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। इस सेवा में संजीवनी नर्सिंग होम के सभी कर्मियों ने भी योगदान दिया। इनमें स्वेता सिंह, रीता कुमारी, शैलेश कुमार यादव, दुर्गा कुमारी, लक्ष्मण यादव, दसरथ राय, मुन्नी जी और धर्मेन्द्र यादव समेत पूरा स्टाफ शामिल रहा। डॉ. अनिल कुमार की यह सेवा न केवल मानवता की मिसाल है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कर्मों से की गई श्रद्धांजलि शब्दों से कहीं अधिक प्रभावशाली होती है। ऐसे कर्मठ और सेवा भाव से जुड़े चिकित्सक समाज के लिए प्रेरणा हैं।

# रूडी ने कहा- साबरमती एक्सप्रेस का विस्तार अब छपरा तक, सारणवासियों को दशहरे का तोहफा

- छपरा से अब साबरमती एक्सप्रेस की सुविधा सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध
- 3 अक्टूबर को छपरा जंक्शन से सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी करेंगे हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ



**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** सारण और पूरे उत्तर बिहार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशहरे का तोहफा दिया है और साबरमती एक्सप्रेस का छपरा तक विस्तार की घोषणा की गई है। अब वाराणसी सिटी से चलने वाली साबरमती एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19167/19168) का परिचालन छपरा जंक्शन तक किया जाएगा। यह विस्तार 3 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। उक्त बातों की जानकारी सांगा यात्रा के सूत्रधार सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी देते हुए आगे कहा कि इस विस्तार के साथ ही अब छपरा से साबरमती एक्सप्रेस की सुविधा सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री रुडी ने कहा कि छपरा जंक्शन उत्तर बिहार का एक प्रमुख रेलवे जंक्शन है, जहाँ से उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर भारत के लिए सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध होती है। यह विस्तार छपरा के लाखों यात्रियों को न केवल अहमदाबाद और गुजरात से जोड़ने में सहायक होगा बल्कि व्यापार, उद्योग और रोज़गार से जुड़े अवसरों को भी गति देगा। साबरमती एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19165/19166) अहमदाबाद से दरभंगा सप्ताह में तीन दिन मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर और छपरा होकर चलती रही है। वहीं दूसरी ओर साबरमती एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19167/19168) वाराणसी सिटी से अहमदाबाद सप्ताह में चार दिन चलती थी। अब इस दूसरी ट्रेन का विस्तार छपरा तक कर दिया गया है। इसके साथ ही छपरा से साबरमती एक्सप्रेस की सुविधा सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध होगी। प्रस्ताव के अनुसार, विस्तारित उद्घाटन ट्रेन का परिचालन 3 अक्टूबर 2025 को सुबह 10.10 बजे छपरा जंक्शन से किया जाएगा। सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी इस ऐतिहासिक अवसर पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर सांगा यात्रा के सूत्रधार रूडी ने कहा कि छपरा जंक्शन उत्तर बिहार की जीवनरेखा है। यहाँ से रोज़ाना लाखों लोग देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रा करते हैं। साबरमती एक्सप्रेस के विस्तार से बिहार और गुजरात की दूरी और भी कम होगी तथा व्यापारिक और सांस्कृतिक रिश्तों को नई मजबूती मिलेगी। यह सारण और बिहारवासियों के लिए प्रधानमंत्री जी का वास्तविक दशहरे का तोहफ़ा है। इसके पूर्व सांसद रुडी ने सियालदह-बलिया एक्सप्रेस, नयागांव, 13106 - बलिया-सियालदह एक्सप्रेस नयागांव, 14005 - लिच्छवी एक्सप्रेस अवतार नगर, नयागांव 14006 - लिच्छवी एक्सप्रेस अवतार नगर, नयागांव, 18181 - टाटा-थावे मौर्य एक्सप्रेस सोनपुर 18182 ङ्क थावे-टाटा मौर्य एक्सप्रेस सोनपुर 13019 - बाघ एक्सप्रेस (नयागांव) 13020 - बाघ एक्सप्रेस (नयागांव) 13137 - कोलकाता-आजमगढ़ एक्सप्रेस (सोनपुर) 13138 -आजमगढ़-कोलकाता एक्सप्रेस (सोनपुर)14007 - रक्सौल-आनंद विहार एक्सप्रेस (सोनपुर) 14008 - आनंद विहार-रक्सौल एक्सप्रेस (सोनपुर) 14017 - रक्सौल-आनंद विहार एक्सप्रेस (सोनपुर) 14018 - आनंद विहार-रक्सौल एक्सप्रेस (सोनपुर) 14649 - जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस (सोनपुर) 14650 - अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस (सोनपुर) 14673 - जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस (सोनपुर) 15047 -कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस (सोनपुर) 15048 - गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस (सोनपुर) 15231 - बरौनी-गौनडिया एक्सप्रेस (सोनपुर) 15549 - जयनगर-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस (सोनपुर) 15550 - पटना-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस (सोनपुर) 15715 - किशनगंज-अजमेर एक्सप्रेस (सोनपुर) 15716 - अजमेर-किशनगंज एक्सप्रेस (सोनपुर) 19053 -सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस (सोनपुर) और 19054 -मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस (सोनपुर) का ठहराव सुनिश्चित करवाया है।

# युवा क्रांति रोटी बैंक की सातवीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का होगा आयोजन




**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** युवा क्रांति रोटी बैंक के द्वारा आज प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजन कर सफलता के 7 साल 10 अक्टूबर को हर शाम जरुररमंदो के नाम से सालो भर छपरा शहर में जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण करने के साथ छपरा वासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, सरकारी कैंपसों में वृक्षारोपण, कपड़ा, कंबल वितरण का कार्यक्रम होते रहता है।हर साल की तरह इस साल भी सप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 5 अक्टूबर को ब्लड डोनेशन, 6 अक्टूबर कपड़ा वितरण, 7 अक्टूबर को सदर अस्पताल में फल वितरण, 8 अक्टूबर को शिक्षा सामग्री वितरण, 9 अक्टूबर को वृक्षारोपण व 10 अक्टूबर को युवा क्रांति रोटी बैंक की सातवीं वर्षगांठ चंद्रावती पैलेस छपरा में होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम की जानकारी युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थापक ई0 विजय राज ने प्रेस वार्ता में दी। इस मौके पर युवा क्रांति रोटी बैंक अध्यक्षा नीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष बिंदिया जायसवाल, संरक्षक कृष्णा श्रीवास्तव,मीडिया प्रभारी अर्जुन सिंह, राशिद रिज़्वी,सदस्य राम बाबू सिंह, विवेक चौहान, अभिषेक नर्सरी, सौरव श्रीवास्तव, संदीप मनमन, ओम शरण श्रीवास्तव,सागर,आदि शामिल थे।

# पितरों की तर्पण भूमि हरिहरक्षेत्र पुण्य भूमि सोनपुर में दिव्य त्रिवेणी महाआरती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर पितरों की मोक्ष प्रदायिनी हरिहर क्षेत्र सोनपुर के भारत वंदना घाट पर मां तारा सेवा निधि कौनहारा महातीर्थ हरिपुर द्वारा दिव्य त्रिवेणी महाआरती का आयोजन किया गया। इस महाआरती के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित हुए एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। त्रिवेणी महाआरती का शुभारंभ सुशील चंद्र शास्त्री जी के वैदिक मंत्रोच्चार और नारायणी, गंगा एवं सोनभद्र के पूजन से किया गया।हरिहर क्षेत्र पुण्य भूमि के संस्कृतिक पुनरूत्थान के लिए संकल्पित मां तारा सेवा निधि कौनहारा महातीर्थ हरिपुर के संरक्षक महाकाल बाबा के मार्गदर्शन में आचार्य अनिल, अर्जुन, बिपिन, कुंदन, राजीव, आदित्य, सोनू आर्या एवं अन्य सहयोगियों ने संपन्न कराया। त्रिवेणी महाआरती की बारी है, अर्द्धकुंभ की तैयारी है। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ ही महाकाल बाबा की भक्तों से 11, 11 दीपक के साथ इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील के साथ त्रिवेणी महाआरती का समापन हुआ।



## स्कूली बच्चों की टेम्पू में हाइवा ट्रक ने मारी ठोकर, चालक सहित दो छात्रा की दर्दनाक मौत

**दैनिक खोज खबर/मकेर/(सारण)।** हाइवा ट्रक ने टेम्पू में सवार स्कूली बच्चों को लेकर जा रही थी उसी दरम्यान एक हाइवा ट्रक तेजी से आ रही थी कि टेम्पू में ठोकर मार दिया। जिसमें सवार आधा दर्जन बच्चे सवार थे । टेम्पू में ठोकर लगने से चालक सहित दो छात्रा की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि अन्य की हालत गम्भीर बतायी गयी है ।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस एवम स्वास्थ्य विभाग हरकत में आयी । सभी छात्रों को प्राथमिकी इलाज कर गम्भीर हालत में सदर अस्पताल छपरा के लिए रेफर कर दिया है । घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि मकेर थाना परिसर से सटे एक निजी विद्यालय एमएस पब्लिक स्कूल रविवार को खोल रखा था । स्कूल बंद होने के उपरांत एक टेम्पू में लगभग सात बच्चों को लेकर जा रहा था कि नये थाना भवन के पास उच्चपथ पर एक हाइवा ट्रक के चपेट में आने से टेम्पू चालक मनोज कुमार सिंह, ग्राम सिकटी निवासी की तत्क्षण मौत हो गयी, साथ ही मिस्टी कुमारी उम्र 6वर्ष की थी घटना स्थल पर ही दम तोड़ दी। जबकि सुंदरम कुमार उम्र 9 वर्ष इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। घटना करीब दोपहर दो बजे की है । सूचना मिलते ही पुलिस एवम स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी। वहाँ प्राथमिक इलाज कर गम्भीर जख्म देखते हुए सदर अस्पताल भेज दिया है ।मालूम हो कि पांच बच्चों की समाचार प्रेषण तक हालत इस्थिर बनी हुई है । इस घटना से लोगो मे गहरी नराजगी है।सरकारी निर्देश का पालन नही होने से ऐसी घटनाएं घटती है। रविवार को विद्यालय बंद रखना है ,टेम्पू पर बच्चों को नही बैठाना हैं, ऐसा सख्त चेतावनी शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित हैं, फिर भी निजी स्कूलों के संचालक द्वारा गंभीरता से नही लिया जाता हैं। बहरहाल इलाजरत बच्चों की देखरेख सदर अस्पताल में चल रही है ।

## चोरी की तीन बाइक के साथ चार अपराधी को गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय पुलिस ने थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में चोरी की तीन बाइक के साथ चार अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों ने छपरा, परसा, भेल्दी से हुई बाइक चोरी को स्वीकार किया है। पुलिस ने परसा और भेल्दी से चोरी हुई मोटरसाइकिल को चोरों के पास से बरामद किया है। पुलिस को एक गुप्त सुचना मिली थी कि एक चोरी के स्पेलेंडर के साथ दो अपराधी मढ़ौरा की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धेनुकी चौक पर वाहन जांच शुरु किया। इस दौरान स्पेलेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया। जब पूछताछ किया गया तो पकड़ाये व्यक्ति का सिवान के बसंतपुर थाना के कोड़र निवासी रितिक सिंह व मुड़ा निवासी नीरज कुमार के रुप में पहचान हुई। दोनों अपराधियों ने पूछताछ में मोटरसाइकिल चोरी को स्वीकार किया और चोरी कर बाइक बेचने की बात बताई। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने भेल्दी और अन्य थाना के सहयोग से बसंतपुर के प्रिंस कुमार के पास से दूसरी चोरी का स्पेलेंडर और बसंतपुर बसाव निवासी मनेद्र कुमार के पास तीसरी स्पेलेंडर मोटरसाइकिल को बरामद किया।

## आरडीएस पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** आरडीएस पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट एवं गाइड का प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में जिला कला संस्कृति पदाधिकारी डॉ0 विभा भारती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। यह पांच दिवसीय शिविर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) के पत्र के आलोक में संचालित किया गया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग-गाइडिंग की विभिन्न गतिविधियों जैसे ध्वज शिष्टाचार, गांठ विद्या,प्राथमिक उपचार,मार्च पास्ट,बी0पी0 सिक्स,प्रतिज्ञा एवं नियमों की जानकारी दी गई। समापन समारोह में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज, विद्यालय के निदेशक जगदीश सिंह, प्राचार्य अशोक कुमार ठाकुर, जिला प्रशिक्षक प्रणव, आशुतोष, आलोक, कल्पना एवं आकृति रचना उपस्थित रहे। इसके साथ ही विद्यालय की शिक्षिका नेहा पाण्डेय, इन्दु कुमारी, पवन पाण्डेय, दृष्टि कुमारी, योगेंद्र चौबे, जयप्रकाश दुबे, मनोरमा सिंह एवं चंद्रशेखर शर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका शिविर के सफल संचालन में सराहनीय रही।

## एनडीए की बैठक में मंत्री को बाबा हरिहर नाथ मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधानसभा के गंगाजल हाई स्कूल मे आयोजित एनडीए कार्यकर्त्ता सम्मेलन मे पहुंचे बिहार सरकार मंत्री मंटू सिंह और विधायक संजीव चौरसिया को भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने अंग वस्त्र और बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रंजीत सिंह जदूयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ राजू सहित सभी एनडीए के नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।





## अलग अलग जगहों पर चोरों ने किया कई दुकानों में चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन बाजार में शनिवार की देर रात चोरों ने तांडव मचाते हुए एक दर्जन से अधिक दुकानों के ताले तोड़ डाले और करीब दो से तीन लाख रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना से स्थानीय व्यवसायियों में भारी आक्रोश है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने सुनियोजित तरीके से कई दुकानों को निशाना बनाया। किसी दुकान का ताला तोड़ा गया तो किसी का शटर उखाड़ दिया गया। चोरी की इस घटना में देवरिया नहर पर स्थित गौरव पान भंडार एवं डूमरसन बंगरा में एके मछली सेंटर, आरके मछली सेंटर, एसके मछली सेंटर, डीके मछली सेंटर, सोहन किराना स्टोर, कृष्णा किराना स्टोर समेत अन्य दुकानों से नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया।

**व्यापारियों में रोष, पुलिस पर लापरवाही का आरोप**–घटना की जानकारी मिलते ही रविवार की सुबह दुकानदार बाजार में पहुंचे तो हालात देखकर सन्न रह गए। चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन पर गश्ती व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाया। दुकानदारों का कहना है कि बाजार में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है।

**नवपदस्थापित थानाध्यक्ष के लिए चुनौती**–मशरक थाने में हाल ही में नए थानाध्यक्ष की नियुक्ति हुई है। उनके सामने यह चोरी की घटना एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। क्षेत्र में बढ़ते चोरी के मामलों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। व्यवसायियों ने मांग की है कि बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाया जाए।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**–इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। बाजार में लगे कुछ निजी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस और विपक्षी राजनीति सामंजस्य की आवश्यकता

**नीरज कुमार। दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।**भारतीय राजनीति के मौजूदा दौर में कांग्रेस की भूमिका को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वह अपनी पुरानी जिद छोड़कर क्षेत्रीय दलों के साथ वास्तविक सामंजस्य स्थापित कर पाएगी? इतिहास गवाह है कि जहां-जहां कांग्रेस ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने का जोखिम उठाया, वहां न केवल उसकी स्थिति कमजोर हुई बल्कि इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला।

दरअसल, कांग्रेस ने कई बार इस भ्रम में चुनाव लड़ा कि वह अकेले ही अपने पुराने जनाधार को पुनर्जीवित कर लेगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि देश के अधिकांश राज्यों में राजनीति अब क्षेत्रीय ताक़तों के इर्द-गिर्द घूमती है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राजद-जदयू, पश्चिम बंगाल में तृणमूल, तमिलनाडु में डीएमके जैसी पार्टियां जमीनी स्तर पर कहीं अधिक प्रभावी हैं। कांग्रेस यदि इन्हें नज़रअंदाज़ करती है, तो विपक्षी वोटों का बिखराव अनिवार्य है और भाजपा इसका लाभ उठाती है। कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है मानो कांग्रेस अनजाने में भाजपा की ÷बीटीम÷ की भूमिका निभा रही हो।

सवाल यह है कि भाजपा जैसी संगठित और संसाधन संपन्न पार्टी के सामने क्या विपक्ष विभाजित रहकर मुकाबला कर सकता है? इसका जवाब नकारात्मक है। कांग्रेस को समझना होगा कि उसका भविष्य क्षेत्रीय दलों के साथ साझेदारी में है, न कि उनके खिलाफ खड़े होकर। एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम, सम्मानजनक सीट बंटवारा और लचीली रणनीति ही कांग्रेस की प्रासंगिकता बनाए रख सकती है। विपक्षी एकता का स्वरूप तब ही सशक्त होगा जब कांग्रेस अपने ÷बड़े भाई÷ वाले रवैये से हटकर सहयोगी की तरह व्यवहार करेगी। यदि कांग्रेस इस सच्चाई को नहीं स्वीकारती, तो उसकी राजनीतिक जमीन और सिकुड़ती जाएगी, और भाजपा का प्रभुत्व और पुख्ता होता जाएगा। लोकतंत्र में स्वस्थ विपक्ष की मजबूती तभी संभव है जब कांग्रेस आत्ममुग्धता छोड़कर सामंजस्य की राह चुने।

## मढ़ौरा में पूर्व राष्ट्रपति वी वी गिरी की जयंती मनी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** पूर्व राष्टपति भारत रत्न डॉ. वी वी गिरी की जयंती नगर क्षेत्र में धूमधाम से बनाई गी। सारण जिला गोस्वामी महासभा के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक जितेंद्र कुमार राय शामिल हुए। विधायक ने पूर्व राष्टपति की कार्यो को सामने रखते हुए उन्हें प्रणाम भेट किया और श्रद्धा सुमन को अर्पित किया। विधायक ने कहा कि समाज के लोगों की सेवा करना उनकी प्राथमिकता है और उनका यह सौभाग्य है कि लोगों से उन्हें इसका अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालबाबू गिरि ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पीएस दयाल, मधुबाला कुमारी, अभय गोस्वामी शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. रघुवीर भारती, नागेश्वर गिरी, प्रभात गिरि, नंदकिशोर गिरि, पुण्यदेव भारती, प्रेम नारायण गिरी, मनोज कुमार गिरी, नवीन पुरी सहित अन्य ने अपनी बात रखी। इस दौरान सारण जिला गोस्वामी महासभा की तरफ से डॉ. बीबी गिरि का मढ़ौरा में मूर्ति स्थापित करने और शाहिद फागू गिरि कमता गिरु, छठू गिरि के शहादत दिवस को राजकीय समारोह में शामिल करने की मांग रखी गई। विधायक जितेन्द्र कुमार राय ने सभी मांग को उचित स्तर पर रखने का आश्वासन दिया।

## अवैध रूप से विदेशी नागरिक को होटल में ठहराने के जुर्म में प्राथमिकी दर्ज

**नालंदा, बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के राजगीर प्रखंड अंतर्गत महादेवा गांव के समीप स्थित होटल ग्लोरी ग्रैंड के संचालक व प्रबंधक के खिलाफ राजगीर थाना में केस दर्ज किया गया है। होटल विदेशी नागरिकों को ठहराने के लिए निबंधित नहीं है। न ही विदेशियों को ठहराने की सूचना फार्म-सी पर अपलोड किया गया था। विदेशियों को ठहराने पर 24 घंटे के अंदर जानकारी साझा करने का नियम है। पुलिस ने होटल का रजिस्टर व अन्य दस्तावेज जब्त कर लिया है।

राजगीर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रमण कुमार ने बताया कि होटल ग्लोरी ग्रैंड की जांच गई जहां रजिस्टर की जांच करने से पता चला कि होटल में अवैध तरीके से बांग्लादेश के तीन नागरिकों को ठहराया गया था। होटल में विदेशियों को ठहराने के लिए पंजीकृत नहीं है। इसके अलावा फार्म-सी भरकर विदेशी के ठहराने की जानकारी भी अपलोड नहीं की गई है। बांग्लादेशी अशरफुल कबीर हॉकी मैच देखने आए थे। वह 28 से 30 अगस्त तक ठहरे थे। इसी तरह एक दंपती भी ठहरे थे।होटल संचालक नूरसराय के कखड़ा निवासी प्रदीप कुमार और प्रबंधक गया जिला के नीमचकक बथानी थाना क्षेत्र निवासी रंजीत कुमार पर केस दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

# परेशानी : दुर्गापुर ब्रम्ह स्थान से लेकर मांझी रेलवे हाल्ट तक सड़क मार्ग जर्जर




**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत के दुर्गापुर ब्रम्ह स्थान से लेकर मांझी रेलवे हाल्ट को जोड़ने वाली जर्जर सड़क पर राहगीरों का चलना फिरना मुश्किल हो गया है। टूटी फूटी सड़कों के किनारे अतिक्रमणकारियों द्वारा जबरदस्त तरीके से किये गए। अतिक्रमण कीवजह से मुख्य सड़क से कन्या मध्य विद्यालय तक चार पहिया वाहनों का आवागमन नामुमकिन हो गया है। सड़क पर प्रवेश करते ही जलजमाव व सड़ांध से आसपास के ग्रामीणों में बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई हैं। सड़क पर अतिक्रमण की वजह से चारपहिया वाहनों का आवगमन ठप हो जाने से ग्रामीणों की नींद हराम हो गई हैं तथा विद्यालय तक आने जाने वाले शिक्षक व छात्र खेतों के रास्ते आने जाने को मजबूर हैं। ग्रामीण बी के शर्मा,रबीन्द्र कुमार चौधरी, बमबम शर्मा तथा मिथिलेश कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि दशकों से ग्रामीण सड़क से अतिक्रमण हटाकर इसका पक्कीकरण कराए जाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो आने वाले विधान सभा चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा बनेगा तथा नेताओं का विरोध किया जाएगा। इधर मांझी नगर पंचायत की उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सड़क को तत्काल अतिक्रमण मुक्त करा कर शीघ्र ही पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

## जलालपुर थाना में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** स्थानीय थाना परिसर में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अंचल पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि पूजा के दौरान विशेष सतर्कता रखी जाएगी।सभी प्रमुख पूजा पंडालो के आसपास पुलिस बल तैनात किए जा रहे हैं। दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। चुपके चुपके सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। प्रखंड प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों व असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी व चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।बैठक में फूटानी बाजार पर लगने वाले विशाल मेले को लेकर विशेष बात कही गई। मुख्य पंडाल से लेकर रास्ते तक प्रशासन के पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी रहेंगे। भीड़ नियंत्रण का वन वे रूट तैयार किया जाएगा। उन्होने उपस्थित जनप्रतिनिधियो से प्रशासन को सहयोग देने की बात कही।जनप्रतिनिधियो ने भी प्रशासन से अपनी बात रखी।संचालन थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने किया।मौक पर मुखिया संघ के अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, प्रदेश मुखिया संघ अध्यक्ष विष्णु प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया श्रीराम राय, नागेंद्र माझी, धर्मेंद्र यादव, सरपंच संजय राम, पैक्स अध्यक्ष अजय सिंह, एस आई बहादुर यादव एस आई राधामोहन सिंह एस आई डब्ल्यू पासवान एस आई सत्यम कुमार, जहूर मियां,अभिषेक मिश्रा, पप्पू कुशवाहा सोनू यादव दीनबंधु सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, पूर्व मुखिया मनोज मिश्रा, सुरेश यादव,भोलानाथ,रवि कुमार अभिषेक कुमार, अमर यादव,रविंद्र यादव,विजय यादव सहित क ई अन्य गणमान्य भी थे ।

## तरैया में वार्ड सदस्य और मुखिया प्रतिनिधि हुए साइबर ठगी के शिकार, थाने में शिकायत दर्ज

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** तरैया प्रखण्ड में भी साइबर अपराधी सक्रिये हो गए हैं। हर रोज साइबर अपराधी एक नई-नई तकरीब अपना कर लोगों को अपना ठगी का शिकार बना रहे हैं। हाल ही में साइबर अपराधी के चुंगल में तरैया पंचायत के वार्ड सदस्य और तरैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व एक मोबाइल दुकानदार आ गए हैं। जहां तरैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र राम और वार्ड सदस्य राजा कुमार समेत कई लोगों का वॉट्सएप हैक हो गया हैं। उनके वाट्सएप पर साइबर अपराधियों द्वारा पीएम किसान योजना-02 के नाम से एक लिंक भेजा गया और लिंक खोलते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। पीड़ितों ने बताया कि वाट्सएप पर आए पीएम किसान योजना-02 का लिंक को खोलते ही उनका वॉट्सएप बंद हो गया। हैकर्स फिर पीड़ित के मोबाइल में सेव सभी ग्रुप और नंबरों पर यही लिंक फॉरवर्ड कर देते हैं। इस लिंक के माध्यम से कोई लोग धोखाधड़ी के भी शिकार हो गए हैं। वहीं वार्ड सदस्य और मुखिया प्रतिनिधि एवं मोबाइल दुकानदार ने इस मामले में तरैया थाने में साइबर अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। वहीं पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे वाट्सएप या मैसेज में आए किसी भी अनजाने लिंक को न खोलें। विशेषकर पीएम किसान योजना के नाम से आने वाले लिंक से सावधान रहें।



## दुर्गा पूजा को लेकर रसीदपुर गांव में शांति समिति की बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के पचरौड़ पंचायत के रसीदपुर गांव में पूर्व जिला पार्षद अब्दुल्ला खां के आवास पर शांति एकता समिति रसीदपुर के तत्वाधान में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद अब्दुल्ला खां एवं तरैया थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने किया। बैठक के दौरान दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सद्भावना पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई, साथी दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार पूजा-पंडालों के निर्माण एवं विधि-व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा समिति के सदस्यों को पूजा-पंडालों में लाऊड स्पीकर के लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं जुलूस के लिए थाने से हर हाल में लाइसेंस लेना अनिवार्यता हैं। निर्देश का अनुपालन करने वालों पूजा समिति के सदस्यों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र मांझी, पृथ्वी सिंह, नंदलाल सिंह, लालबाबू महतो, मुन्ना मियां, रेयाजुद्दीन अंसारी, कैसर अली, हाफिज मियां, कमल साह, राजकुमार राम, मोहम्मद शाह, सलाउद्दीन अंसारी, जैनुद्दीन मियां, नरेश पासवान समेत समिति के अन्य सदस्य शामिल थे।

## मढ़ौरा थाना में दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार की दोपहर थानाध्यक्ष अजय कुमार व अंचलाधिकारी अंबपाली यादव के नेतृत्व में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इस बैठक में थानाध्यक्ष ने साफ तौर पर समिति के सदस्यों से कह दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान लगने वाले मेला व पंडालों के पास पुलिस मुस्तैद रहेगी, जरूरी कार्रवाई त्वरित की जायेगी । उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर से तैयारी हो चुकी है और सभी पंडालों में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जरुरी उपकरण लगाये जायेगें । पूजा समिति के द्वारा मेला को व्यवस्थित करने के लिए वोलेंटियर बनायेंगे और सही लड़को को इसकी जिम्मेदारी देगें, साथ ही पूजा के दौरान विर्सजन एवं जलभरी में डीजे ,किसी प्रकार का अश्लील गाना व हथियार आदि प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा । जबकि अंचलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल में अग्नि नियंत्रक उपकरण, सीसीटीवी कैमरे व मेडीकल कीट आदि लगाना जरुरी है, वही प्रशासन के तरफ से अतिसंवेदनशील व संवेदनशील जगहों पर दंडाधिकारी व पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। बैठक के दौरान भुआलपुर, मुबारकपुर, सुकसेना, दयालपुर चौक के पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव पहुंचे थे।

## विधायक ने आधे दर्जन से ज्यादा ग्रामीण सड़कों का किया उद्घाटन




**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक जनक सिंह ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में आधे दर्जन से ज्यादा ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन किया .विधायक ने सतजोड़ा पृथ्वीपुर मुख्य सड़क से सेवकर टोला होते हुए प्राथमिक विद्यालय तक , सरौजा ब्राह्मण टोली से चकिया शिवमंदिर तक ,सतजोड़ा बंगरा घाट मुख्य मार्ग से सतजोड़ा पठान टोली तक के अलावे खजूरी गांव की दो सड़के सहित सात ग्रामीण सड़को का उद्घाटन किया .इस मौके पर उन्होंने कहा कि सड़क ,बिजली ,स्वास्थ्य के क्षेत्र के एनडीए की सरकार ने बहुत काम किया है .उन्होंने कहा कि किसानों ,गृहणियों ,छात्रों एवं गरीबों के कल्याण के लिए एनडीए सरकार दृढसंकल्पित है .इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गिरी ,उत्तरी मंडल के प्रखंड अध्यक्ष कन्हैया पंडित ,सुरेंद्र सिंह ,रवींद्र सिंह ,विनय कुमार सिंह ,मनोज सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे .

## पत्रकार को पितृ शोक, अन्तिम यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए गणमान्य लोग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के जागते रहो के संस्थापक एवं पत्रकार पंकज कुमार सिंह के पिता विश्वनाथ सिंह का रविवार की दोपहर निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत विश्वनाथ सिंह को एक सरल, मिलनसार और सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता था। उनका अंतिम संस्कार पानापुर के सारंगपुर घाट पर विधि पूर्वक किया गया। अंतिम यात्रा में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं पत्रकार शामिल हुए। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश उर्फ मंटू, नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महतो,जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, आम आदमी पार्टी के नेता अमित सिंह, पूर्व सरपंच बिनोद प्रसाद, पूर्व



मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, बहरौली मुखिया अजीत सिंह, डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, उप मुखिया शिव कुमार यादव, बिजली ठीकेदार श्री राम सिंह, चरिहरा निवासी धर्मेन्द्र सिंह, पत्रकार संजय सिंह, दिनेश सिंह, हरिकिशोर सिंह, गुड्डू सिंह, प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र पाण्डेय, रोहित कश्यप, कन्हैया सिंह सहित कई लोग शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## परौना पश्चिम टोला दुर्गा मंदिर में 02 अक्टूबर से श्री शतचण्डी महायज्ञ, तैयारियां अंतिम चरण में

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड अंतर्गत परौना पश्चिम टोला स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में विश्व कल्याणार्थ श्री शतचण्डी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह महायज्ञ 02 अक्टूबर से 07 अक्टूबर 2025 तक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री नारद बाबा जी महाराज के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न होगा। यज्ञ मंडप बनकर तैयार है और उसे दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत 02 अक्टूबर को कलश यात्रा सह शोभा यात्रा से होगी। उसी दिन संध्या समय यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। यज्ञ संचालन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव बलराम सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद, शेखर सिंह, मुकेश सिंह, पपली सिंह, राहुल सिंह, प्रेम शर्मा, सुभाष साह, धनंजय महतो, संजय राय, वीरेंद्र राय, रामशंकर गोस्वामी, हरेंद्र साह आदि सहयोगी सदस्यों ने बताया कि दुर्गा स्थान का जीर्णोद्धार किया गया है। गौरव की बात है कि सारण जिले का पहला दुर्गा पूजा महोत्सव इसी स्थान पर 1938 में प्रारम्भ हुआ था और 1988 में इसका स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया था। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव का प्रतीक होगा बल्कि सामाजिक समरसता और लोककल्याण का संदेश भी देगा।

## शिवप्रसाद हरदेव चंद्रदेव स्मृति सेवा न्यास द्वारा स्मृति पर्व का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के बिशनपुरा ग्राम स्थित शिव प्रसाद हरदेव चंद्रदेव स्मृति सेवा न्यास द्वारा अश्विन अमावस्या को स्मृति पर्व का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित जनो ने पितरों के तैल चित्रो पर पुष्पांजलि कर नमन किया।वही पितरो की स्मृति मे दर्जनो पेड़ लगाए गए।मौके पर अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक द्वारा मुक्त आंख जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजो का मुक्त आंख जांच किया गया।वही 25 का मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें 3 अक्टूबर को ऑपरेशन किया जाएगा। मौके पर पूर्व कुलपति केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार डॉक्टर जनक पांडेय, स्मृति सेवा न्यास के अध्यक्ष ललन पांडेय, उपाध्यक्ष नंदकिशोर पांडेय,सचिव मणीन्द्र पांडेय सहित सैकड़ो अन्य उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

सिवान। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहनी गांव के समीप रविवार की दोपहर दो बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान बड़हरिया निवासी अभिषेक कुमार, विजय कुमार व महादेवा थाना क्षेत्र के ओरमा निवासी अनूप साह के रूप में हुई है। घायल अभिषेक ने बताया कि हमलोग एक बाइक पर होकर शहर आ रहे थे। तभी तेज रफ्तार एक बाइक ने धक्का मार दिया। इससे हम दोनों घायल हो गए।

## पासपोर्ट फर्जीवाड़ा मामले में एक गिरफ्तार

**सीवान ।** बड़हरिया थाना की पुलिस ने शनिवार की रात तेतहली गांव में छापेमारी कर पासपोर्ट फर्जीवाड़ा के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति तेतहली निवासी एजाज अहमद उर्फ टुन्ना है। बतादें कि एजाज अहमद ने गलत पासपोर्ट बनवाकर किसी व्यक्ति को बाहर भेजने का काम किया था। पासपोर्ट के आधार पर ही एक व्यक्ति की गिरफ्तारी मुंबई में हुई थी, इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई थी। इसके आधार पर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर तेतहली में छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

## जमीन हड़पने की नीयत से महिला के साथ मारपीट मामले में तीन नामजद

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के बड़रम में चार सितंबर को भूमि विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस मामले में एक महिला घायल हो गई थी। घायल महिला बालमती देवी ने 19 सितंबर को थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उसके पति विदेश में रहते हैं तथा उसकी तीन पुत्रियां है। पुत्र नहीं होने के कारण देवर, सास एवं ससुर मुझे घर से बेदखल करना चाहते हैं। इसको लेकर चार सितंबर की देर रात्रि तीनों मिलकर गाली देते हुए घर में नहीं रहने की धमकी देने लगे। जब मैंने विरोध किया तो देवर विकास कुमार यादव जान से मारने की नीयत से सिर में चाकू मारकर घायल कर दिया तथा गले में गमछा लपेट कर जान लेने की कोशिश करने लगा। मेरी पुत्रियों द्वारा शोर मचाने पर पड़ोसी पहुंचें और मेरी जान बचाई। इस दौरान मेरे गले से मंगलसूत्र, कान की बाली व झुमका नोंच लिया गया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में विकास कुमार यादव, लालमती देवी एवं रामाजी यादव के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है।

## अलग-अलग जगहों पर चाकूबाजी व मारपीट में पांच घायल

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में रविवार को हुई मारपीट व चाकूबाजी की घटना में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में से दो लोगों की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों का उपचार अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। बताते हैं कि शुक्रवार की देर शाम महुआरी में महावीरी अखाड़ा मेला के दौरान हल्का विवाद हो गया था। वहीं रविवार को मामला इतना बढ़ गया कि दोपहर में दो पक्षों में मारपीट व चाकूबाजी हो गई। इसमें विकास सिंह और अर्जुन प्रसाद घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना महाराजगंज थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में रविवार को पानी के विवाद को ले हुई। इस दौरान मारपीट व चाकूबाजी की घटना में गोविंद कुमार, लालू कुमार और रामस्वारथ भारती घायल हो गए। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को ले 36 छात्राओं को लगा वैक्सीन

**सीवान।** हुसैनगंज प्रखंड के बड़रम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कन्हैया चौधरी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक एसरारुल हक की उपस्थिति में शिविर लगाया गया। इस दौरान सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए करीब 36 छात्राओं को वैक्सीन दिया गया। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत नौ से 15 आयु तक के छात्राओं को वैक्सीन दिया जा रहा है। ताकि भविष्य में इन छात्राओं को इस भयावह बीमारी से बचाया जा सके। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि महिलाओं में अधिकांश स्तन कैंसर, बच्चेदानी कैंसर सहित अन्य स्थानों पर कैंसर हो जाता है। इससे बचाव के लिए प्रत्येक छात्राओं की स्क्रीनिंग कर वैक्सीन दिया जा रहा है। इस अवसर पर वैक्सीनेटर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## गोंड समाज ने मनाया बलिदान दिवस

सिवान । शहर के पत्रकार भवन में गोंडवाना समाज गोंड मूल निवासी आदिवासी सेवा समिति, अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा, बिहार राज्य गोंड महासभा के तत्वाधान में रविवार को गोंडवाना के महाराजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी सेवा समिति के संस्थापक सुग्रीव ज्ञानी, सचिव जीउत शाह, बाल कुंवर साह, रामायण प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, सुदर्शन प्रसाद, शंभू नाथ प्रसाद गोंड, संजय कुमार साह, सुनील कुमार साह ने महापुरुषों के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा किया। सभा की अध्यक्षता दारोगा साह गोंड ने की।

### नौवीं का छात्र गायब

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के बघौनी गांव से एक छात्र 17 सितंबर की सुबह बिना बताए घर से गायब हो गया। इस मामले में उसके चाचा नबी रसूल ने 19 सितंबर को थाना में आवेदन देकर उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। बताया है कि उनका भतीजा आतिफ रजा नौवीं कक्षा का छात्र है, जो घर वालों को बिना बताए घर से गायब हो गया है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि सनहा दर्ज कर उसकी खोजबीन की जा रही है।

### हथियार का भय दिखा मक्का का फसल काटने का आरोप

हुसैनगंज(सिवान)। थाना क्षेत्र के देईपुर निवासी सुदर्शन यादव ने 18 सितंबर को थाना में आवेदन देकर अपने पट्टीदार श्यामबहादुर यादव पर हथियार का भय दिखाकर मक्का का फसल कटवाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

# विलंब से पहुंचने पर सड़क जाम में शामिल ग्रामीणों ने जामो थानाध्यक्ष के वाहन को किया क्षतिग्रस्त

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के पुरैना बाजार में मुर्गी फार्म से उठने वाली गंदगी, दुर्गंध और मक्खियों से परेशान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बड़हरिया-जामो मुख्य पथ पर पुरैना बाजार के समीप सड़क जाम कर आवागमन बाधित कर दिया तथा प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। वहीं सड़क जाम की सूचना होने के बावजूद जामो थाना की पुलिस करीब पांच घंटे से अधिक विलंब से पहुंचीं, जिसको लेकर ग्रामीणों का आक्रोश और हीं ज्यादा बढ़ गया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने थानाध्यक्ष के वाहन को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुरैना बाजार में आधा दर्जन से अधिक मुर्गी फार्म खुला है, इससे यहां गंदगी फैल रही है। वहीं मुर्गी फार्मों से फैल रही बदबू, मक्खियां, कीड़े व दुर्गंध ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। ऐसे में संक्रामक बीमारी फैलने का डर भी बना हुआ है। इस समस्या से प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सूचना पर बड़हरिया एवं जामो थाना की पुलिस पहुंचकर सड़क जाम हटाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक मुर्गी फार्म के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी, उसे बंद नहीं कराया जाएगा, तबतक वे लोग जाम नहीं हटाएंगे। हालांकि कुछ जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन के सहयोग से पांच घंटे बाद जाम को खाली कराया गया। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे यातायात सुचारू रूप से बहाल हुआ। बता दें कि भामोपाली, रामपुर पंचायत समेत आधा दर्जन गांवों में दर्जनों मुर्गी फार्म इसके खिलाफ करीब 10 दिन पूर्व ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। भामोपाली की मुखिया बबीता देवी, सरपंच तारा देवी, वार्ड सदस्य दारोगा साह सहित तीन दर्जन लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया था। इस संबंध में जामो थानाध्यक्ष मोहन कुमार निराला ने कहा कि जिन लोगों ने भी गाड़ी को क्षतिग्रस्त किया है, उसके विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जाएगी।



## सीवान- जीएसटी में हुए ऐतिहासिक बदलाव से करोड़ों लोग होंगे लाभान्वित

परवेज अख्तर/सीवान। शहर के तुलसी वाटिका में रविवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक संजय सोनी ने की। जिसमें शहर के काफी संख्या में व्यवसायी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी को सरल बनाया गया है। यह ऐतिहासिक कदम है, जिससे करोड़ों लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि जब देश में पहली बार जीएसटी लागू हुई थी, तब भी केंद्र में भाजपा सरकार ने कर सुधारों में क्रांति लाई थी। बताया कि सरकार ने जीएसटी दरों में फिर से बदलाव किए हैं, जो गरीब और आम जनता की भावनाओं को समर्पित हैं। सरकार ने खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा के उत्पादों पर शुल्क कम करके जन कल्याण का कार्य किया है। व्यापारियों की सुविधा के लिए जीएसटी दरों का सरलीकरण भी किया गया है। आगे कहा कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए भारतीय निर्मित उत्पादों पर जीएसटी दरें कम की गई हैं। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के इस दौर में एक नए भारत का निर्माण हो रहा है, जो पड़ोसी देश के प्रायोजित आतंकवाद को आपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाब देने में सक्षम है। भारत की बढ़ती ताकत को पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी लाल बाबू कुशवाहा , सत्यम सिंह सोनू, सुनीता जायसवाल, मीनाक्षी सिंह, नीलम देवी, डिंपल सिंह, सुनीता देवी, मीनाक्षी देवी, चीकू महाराज समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोजपा (आर) नेता सह कुख्यात रईस खान के घर एसटीएफ की छापेमारी में मिले हथियार व गोली

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर सीवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के ग्यासपुर स्थित लोजपा (आर) के नेता सह पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह कुख्यात रईस खान के आवास पर रविवार की सुबह जिला पुलिस की मदद से एसटीएफ की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कुछ लोग मौके का फायदा उठाते हुए खेत में छुप गए और फरार हो गए, जबकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रईस खान, मुन्ना मियां और आफताब मियां सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उनके आवास से पुलिस से लूटे गए कुछ हथियारों के अलावा भारी मात्रा में एके 47 की गोली, पिस्टल, कट्टा, बुलेट प्रूफ जैकेट सहित अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान सारण डीआइजी निलेश कुमार, एसपी मनोज कुमार तिवारी, एसटीएफ के डीएसपी सहित जिले के कई थानाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्रवाई को लेकर उनके घर के आगे काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिसिया कार्रवाई के बाद पूरे ग्यासपुर सहित आसपास के इलाके में सन्नाटा पसर गया था। वहीं कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में सनसनी का माहौल कायम हो गया था। स्थानीय लोगों में छापेमारी के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही थी। वहीं राजनीतिक पहलु पर भी लोग चर्चा कर रहे है। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि छापेमारी के क्रम में हथियारों के साथ आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। वहीं देर शाम तक छापेमारी की कार्रवाई जारी रही। बताया कि इस दौरान रईस खान, मुन्ना व अफताब सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ किया जा रहा है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर महुवल गांव में बड़रम मोड़ पर चार अप्रैल 2022 की देर रात विधान परिषद चुनाव के निर्दलीय एमएलसी प्रत्याशी रईस खान के काफिले पर एके 47 से फायरिंग हुई थी। रईस खान चार अप्रैल 2022 की रात करीब 10.30 बजे मतदान खत्म होने के बाद वाहन से अपने साथियों के साथ गांव लौटने के दौरान हमला हुआ था। बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दिए, इसमें समर्थक अली खां उर्फ बबलू गोलियों से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। साथ ही एक राहगीर सिसवन निवासी विनोद की मौत हो गई तथा राकेश तिवारी उनकी पत्नी इंदु देवी गोली लगने से घायल हो गए थे। इस मामले में हुसैनगंज थाने में आवेदन देकर रईस खान ने मुख्य साजिशकर्ता प्रतापपुर निवासी पूर्व सांसद मो. शहाबुद्दीन के पुत्र आसोमा शहाब समेत चांप निवासी मो. आफताब, नवलपुर नया किला निवासी गुड्डू मियां उर्फ गुड्डू पिस्टल, ओरमा निवासी साबिर मियां, शेखपुरा निवासी डब्लू खान, महुवल निवासी आजादी अली, आसिफ सिद्दीकी और यूपी निवासी चवन्नी सिंह को आरोपित किया था।

